# Code No. 3204

**CLASS : 11th (Eleventh)** **Series : 11/Annual Exam.–2025**

रोल नं० ☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐

## हिन्दी केन्द्रिक (कोर)

**[ सभी वर्ग I, II, III के लिए ]**

(Only for Fresh/School Candidates)

*समय : 3 घण्टे ]* *[ पूर्णांक : 80*

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **15** तथा प्रश्न **15** हैं।*
- *प्रश्न-पत्र में सबसे ऊपर दिये गये **कोड नम्बर** को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*
- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़ें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें। रोल नं० के अतिरिक्त प्रश्न-पत्र पर अन्य कुछ भी न लिखें और वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तरों पर किसी प्रकार का निशान न लगाएँ।*
- *कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, **परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***

*सामान्य निर्देश :-*

(i) *इस प्रश्न-पत्र में **दो** खण्ड हैं – **खण्ड-अ** और **खण्ड-ब**।*

(ii) ***खण्ड-अ** में बहुविकल्पीय और **खण्ड-ब** में वर्णनात्मक प्रश्न हैं।*

(iii) ***खण्ड 'अ'** में कुल **6** प्रश्नों से **30** बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे गये हैं। **खण्ड-ब** में कुल **9** प्रश्न हैं।*

(iv) *निर्देशानुसार विकल्पों का ध्यान रखते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।*

(v) *प्रश्न-पत्र के **दोनों खण्डों** में प्रश्नों की कुल संख्या **15** है और **सभी प्रश्न अनिवार्य** हैं।*

(vi) *प्रश्न का उत्तर लिखते समय प्रश्न क्रम संख्या अवश्य लिखें।*

(vii) *सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखें।*

(viii) *शुद्ध, सार्थक एवं तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों एवं विषयांतर की स्थिति में कम/शून्य अंक देकर दण्डित किया जा सकता है।*



www.mseducationtv.com

## खण्ड - अ

### (बहुविकल्पीय प्रश्न)

**1.** निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5 × 1 = 5

दीया और तूफान सदा एक-दूसरे को चुनौती देते आए हैं। दीया अपनी लघुता और विनम्रता में भी अपनी दृढ़ता और साहसिकता का परिचय देता है। तूफान अपनी शक्ति प्रदर्शन और मनमानी में भी यश प्राप्त नहीं कर पाता। वास्तव में दीया और तूफ़ान का यह युद्ध प्रतीकात्मक है। हम सबके भीतर ज्ञान और विवेक का दीपक उस आत्मा के रूप में जलता रहता है जो परमात्मा का अंश है। हर मनुष्य अपने दीये के प्रकाश में चलना चाहता है परन्तु संसार की मुसीबतों और बाधाओं के तूफान उसको विवश करते हैं और उसका रास्ता रोककर खड़े हो जाते हैं। यही जीवन संघर्ष कहलाता है। हमारे भीतर के दीपक को चुनौती बाहर से ही मिलती है, ऐसा नहीं है। मनुष्य के भीतर भी अनेक प्रकार की दमित वासनाएँ रहती हैं। काम, क्रोध, मोह और अहंकार की अंधी वासनाएँ तूफान बनकर चलती हैं और उस दीपक को बुझा डालना चाहती हैं। सदियों से यह संघर्ष चलता आया है।

(i) दीये की दृढ़ता और साहसिकता किसमे है ?

(क) क्षुद्र होकर भी तूफान से लड़ने का साहस

(ख) दीपक को तूफान का समर्पण

(ग) तूफान से क्षमा मांगकर झुकना

(घ) बुझकर प्राण दे देना

(ii) तूफान कैसे प्रशंसा प्राप्त नहीं कर पाता ?

(क) दीये के विरुद्ध शक्ति प्रदर्शन और मनमानी करके

(ख) विनाश का प्रतीक बनकर

(ग) नन्हें दीपक से लड़कर

(घ) कमजोर को मारने का प्रयास करके



www.mseducationtv.com

(iii) मनुष्य के भीतर दीपक किस रूप में रहता है ?

(क) विवेक और आत्मा के रूप में

(ख) अज्ञान के रूप में

(ग) अहंकार के रूप में

(घ) काम के रूप में

(iv) मनुष्य के भीतर तूफान का रूप क्या है ?

(क) विवेक

(ख) दमित वासनाएँ

(ग) शुद्ध विचार

(घ) उच्च विचार

(v) दीये के बुझने का प्रतीक है :

(क) अंधेरा हो जाना

(ख) दीये का तेल खत्म हो जाना

(ग) मनुष्य का साहस मर जाना

(घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं



www.mseducationtv.com

**2.** निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5 × 1 = 5

मानुष हौं, तो वही 'रसखानि',
बसौ ब्रज गोकुल गाँव के ग्वारन।
जो पसु हौं, तो कहा बसु मेरौ
चरौं नित नंद की धेनु मँझारन।
पाहन हौं, तौ वही गिरि कौ,
जो धर्‌यो कर छत्र पुरंदर-धारन।
जौ खग हौं तो बसेरो करौं मिली,
कालिंदी-कूल कदम्ब की डारन।।

(i) कवि, मनुष्य के रूप में कहाँ रहना चाहता है ?

(क) ब्रज

(ख) मथुरा

(ग) दिल्ली

(घ) बनारस

(ii) पक्षी के रूप में जन्म लेकर वह कहाँ रहना चाहता है ?

(क) घोंसला में

(ख) अमराई में

(ग) रेगिस्तान में

(घ) कहीं नहीं



www.mseducationtv.com

(iii) पत्थर के रूप में वह किस पर्वत का पत्थर बनना चाहता है ?

(क) हिमालय का

(ख) अरावली का

(ग) गोवर्धन का

(घ) विंध्याचल का

(iv) पशु के रूप में जन्म लेकर कवि किनके बीच रहना पसंद करता है ?

(क) गायों के बीच

(ख) कुत्तों के बीच

(ग) घोड़ों के बीच

(घ) चिड़ियाघर में

(v) पद्यांश की भाषा चुनिए :

(क) हिंदी

(ख) ब्रज

(ग) अवधी

(घ) मैथिली

**3.** काव्य खण्ड के आधार पर निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $5 \times 1 = 5$

(i) संसार किसे देखकर लालच में पड़ जाता है ?

(क) मंदिर

(ख) मस्जिद

(ग) माया

(घ) मुक्ति



www.mseducationtv.com

(ii) कबीर का जन्म कब हुआ था ?

(क) सन् 1397 ई०

(ख) सन् 1398 ई०

(ग) सन् 1399 ई०

(घ) सन् 1400 ई०

(iii) मीरा के काव्य की मूल भाषा क्या है ?

(क) राजस्थानी

(ख) अवधी

(ग) मैथिली

(घ) हिंदी

(iv) चंपा कौन है ?

(क) सुंदर की लड़की

(ख) रामधन की लड़की

(ग) सुशील की लड़की

(घ) मनोहर की लड़की

(v) अक्क महादेवी किस आन्दोलन से जुड़ी हुई थी ?

(क) वैष्णव आन्दोलन

(ख) शैव आन्दोलन

(ग) शाक्त आन्दोलन

(घ) इनमें से कोई नहीं



www.mseducationtv.com

**4.** गद्य खण्ड के आधार पर निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5 × 1 = 5

(i) मुंशी प्रेमचंद का जन्म कब हुआ था ?

(क) सन् 1880 ई० में

(ख) सन् 1888 ई० में

(ग) सन् 1936 ई० में

(घ) सन् 1860 ई० में

(ii) लॉर्ड कर्ज़न भारत में कितनी बार आए थे ?

(क) एक

(ख) दो

(ग) तीन

(घ) चार

(iii) मोहन के प्रारंभिक विद्यालय के अध्यापक कौन थे ?

(क) धनराम

(ख) त्रिलोक सिंह

(ग) पूर्ण सिंह

(घ) चंद्रदत्त

(iv) अमित को मैथ्स में कुल कितने नंबर मिले थे ?

(क) 72

(ख) 70

(ग) 74

(घ) 82



www.mseducationtv.com

(v) 'भारत माता' नामक पाठ के आधार पर **कॉलम - अ** को **कॉलम - ब** से सुमेलित करके, *सही* विकल्प चुनिए :

| कॉलम - अ | कॉलम - ब |
|---|---|
| 1. नेहरू जी का जन्म | (i) 1929 ई० |
| 2. नेहरू जी का निधन | (ii) 1947 ई० |
| 3. भारत को आजादी मिली | (iii) 1964 ई० |
| 4. लाहौर में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन | (iv) 1889 ई० |

(क) 1 (iv), 2 (i), 3 (ii), 4 (iii)

(ख) 1 (iv), 2 (iii), 3 (ii), 4 (i)

(ग) 1 (i), 2 (ii), 3 (iii), 4 (iv)

(घ) 1 (iii), 2 (iv), 3 (ii), 4 (i)

**5.** *'अभिव्यक्ति एवं माध्यम'* पर आधारित निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5 × 1 = 5

(i) शिक्षा, मनोरंजन, एजेंडा आदि तय करने में सहायक होता है ?

(क) संचार

(ख) जनसंचार

(ग) दूरसंचार

(घ) कोई नहीं

(ii) सूचनाओं को संकलित और संपादित कर आम पाठक तक पहुँचाने की क्रिया को कहते हैं :

(क) पत्रकारिता

(ख) प्रकाशन

(ग) पत्रिका

(घ) मुद्रण क्रिया



www.mseducationtv.com

(iii) भारत में इंटरनेट का आरम्भ कब हुआ ?

(क) सन् 1990 ई० में

(ख) सन् 1993 ई० में

(ग) सन् 1995 ई० में

(घ) इनमें से कोई नहीं

(iv) दिन भर की घटनाओं, गतिविधियों और विचारों को लिखना किस प्रकार का लेखन कहलाता है ?

(क) पाठ लिखना

(ख) डायरी लिखना

(ग) उपर्युक्त दोनों

(घ) इनमें से कोई नहीं

(v) बीते हुए समय में होने वाली घटनाओं को किस तकनीक से प्रस्तुत किया जाता है ?

(क) फ़्लैश लाइव

(ख) फ़्लैश लाइट

(ग) फ़्लैश बैक

(घ) फ़्लैश फॉरवर्ड

**6.** व्याकरण पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $5 \times 1 = 5$

(i) 'यथाशक्ति' में समास है :

(क) कर्मधारय

(ख) अव्ययीभाव

(ग) तत्पुरुष

(घ) द्विगु



www.mseducationtv.com

(ii) 'लंबोदर' पद का विग्रह चुनिए :

(क) लम्बा है उदर जिसका (गणेश जी)

(ख) लम्बा है उदर जिसका

(ग) लम्बे उदर वाले गणेश जी

(घ) कोई नहीं

(iii) निम्नलिखित **कॉलम – अ** को **कॉलम – ब** से सुमेलित करके सही विकल्प चुनिए :

| कॉलम – अ | कॉलम – ब |
|---|---|
| 1. वेदांत | (i) यण् संधि |
| 2. दिग्गज | (ii) दीर्घ सन्धि |
| 3. मनोरंजन | (iii) विसर्ग सन्धि |
| 4. पित्राज्ञा | (iv) व्यंजन सन्धि |

(क) 1 (ii), 2 (iv), 3 (iii), 4 (i)

(ख) 1 (i), 2 (iv), 3 (ii), 4 (iii)

(ग) 1 (iv), 2 (i), 3 (iii), 4 (ii)

(घ) 1 (i), 2 (ii), 3 (iv), 4 (iii)

(iv) निम्नलिखित में से *शुद्ध* वाक्य छाँटिए :

(क) तुम्हारी नारी का क्या नाम है ?

(ख) क्या नाम है तुम्हारी नारी का ?

(ग) तुम्हारी पत्नी का क्या नाम है ?

(घ) क्या नाम है तुम्हारी पत्नी का ?



www.mseducationtv.com

(v) 'सुरेश मेरा बालक है।' इसमें क्या दोष है ?

(क) परसर्ग सम्बंधी

(ख) संज्ञा सम्बंधी

(ग) पुनरुक्ति सम्बंधी

(घ) लिंग सम्बंधी

## खण्ड – ब

### (वर्णनात्मक प्रश्न)

**7.** निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5 × 1 = 5

और कहना मस्त हूँ मैं,

कातने में व्यस्त हूँ मैं,

वजन सत्तर सेर मेरा,

और भोजन ढेर मेरा,

कूदता हूँ, खेलता हूँ,

दुःख डटकर ठेलता हूँ,

और कहना मस्त हूँ मैं,

यों न कहना अस्त हूँ मैं।



www.mseducationtv.com

अथवा

निम्नलिखित पद्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

चंपा काले-काले अच्छर नहीं चीन्हती

चंपा काले-काले अच्छर नहीं चीन्हती

जब मैं पढ़ने लगता हूँ वह आ जाती है

खड़ी-खड़ी चुपचाप सुना करती है

उसे बड़ा अचरज होता है :

इन काले चिह्नों से कैसे ये सब स्वर निकला करते हैं।

(i) कवि और कविता का नाम लिखिए।

(ii) चंपा को किस चीज की हैरानी होती है ?

(iii) चंपा को किस चीज का ज्ञान नहीं है ?

(iv) पद्यांश में किस चीज का स्वाभाविक चित्रण किया गया है ?

(v) पद्यांश की एक भाषागत विशेषता लिखिए।

**8.** काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दर्शाए गए अंकों के अनुसार उपयुक्त शब्दों में दीजिए :

(i) लक्ष्य प्राप्ति में इंद्रियाँ बाधक होती हैं – इसके संदर्भ में अपने तर्क दीजिए। 3

(ii) मीरा कृष्ण की उपासना किस रूप में करती है ? वह रूप कैसा है ? 2



www.mseducationtv.com

**9.** निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5

रासबिहारी एवेन्यू की एक बिल्डिंग में मैने एक कमरा भाड़े पर लिया था, वहाँ पर बच्चे इंटरव्यू के लिए आते थे। बहुत से लड़के आए, लेकिन अपू की भूमिका के लिए मुझे जिस तरह का लड़का चाहिए था, वैसा एक भी नहीं था। एक दिन एक लड़का आया। उसकी गर्दन पर लगा पाउडर देखकर मुझे शक हुआ। नाम पूछने पर नाजुक आवाज में वह बोला – 'टिया'।

अथवा

निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

कैसी बात करती हो ? मैं एक बार काट भी दूँ, लेकिन अमित ! अपने मुँह में डालने से पहले रसमलाई लेकर तुम्हारे फ्लैट में दौड़ता। कोई भी चीज घर में बनाऊँ या बाहर से लाऊँ, अमित जब तक तुम्हारे भोग नहीं लगा लेता, हम लोग खा थोड़े ही सकते हैं।

(i) पाठ एवं लेखक का नाम लिखिए।

(ii) गद्यांश में कौन, किससे, किस सम्बन्ध में बात कह रही है ?

(iii) अमित कौन है ? वह किसे भोग लगाता है और क्यों ?

(iv) गद्यांश में वक्ता का दृष्टिकोण स्पष्ट कीजिए।

(v) गद्यांश की विधा का नाम बताइए।

**10.** गद्य खण्ड के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दर्शाए अंकों के अनुसार उपयुक्त शब्दों में दीजिए :

(i) "नमक का दारोगा" कहानी में पंडित अलोपीदीन के व्यक्तित्व के कौन-कौन-से दो पहलू (पक्ष) उभर कर सामने आते हैं ? 3

(ii) कृषि विभाग वालों ने मामले को हॉर्टीकल्चर विभाग को सौंपने के पीछे क्या तर्क दिया ? 2



www.mseducationtv.com

**11.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी *एक* का उत्तर लगभग **250** शब्दों में दीजिए : 5

आप राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय क० ख० ग० में हिन्दी शिक्षक हैं और कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से पत्राचार माध्यम से एम० ए० (हिन्दी) करना चाहते हैं। विभाग से अनुमति प्राप्त करने के लिए प्राचार्य, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, क० ख० ग० को पत्र लिखिए।

अथवा

उम्मीदवार के चयन में स्ववृत की क्या भूमिका रहती है, स्पष्ट कीजिए।

**12.** *'अभिव्यक्ति एवं माध्यम'* पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दर्शाए गए अंकों के अनुसार उपयुक्त शब्दों में दीजिए :

(i) आदर्श पत्रकार की बैसाखियों का वर्णन कीजिए। 3

(ii) डायरी लेखन अपने आप के साथ साक्षात्कार कैसे है ? 2

**13.** *'वितान भाग-I'* के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दर्शाए गए अंकों के अनुसार उपयुक्त शब्दों में दीजिए :

(i) लेखक ने पाठ में गानपन का उल्लेख किया है। पाठ के संदर्भ में स्पष्ट करते हुए बताएँ कि आपके विचार में इसे प्राप्त करने के लिए किस प्रकार के अभ्यास की आवश्यकता है ? 3

(ii) 'राजस्थान की रजत बूँदें' पाठ का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए। 2

(iii) अपने परिवार से तातुश के घर तक के सफर में बेबी के सामने रिश्तों की कौन-सी सच्चाई उजागर होती है ? 2



www.mseducationtv.com

**14.** व्याकरण पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दर्शाए गए अंकों के अनुसार उपयुक्त शब्दों में दीजिए।

(i) अनुप्रास अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। 3

(ii) 'वधू + आगमन' का संधि कीजिए और 'प्रत्युत्तर' का संधि-विच्छेद कीजिए। 2

**15.** आदर्श जीवन मूल्य (उत्तरा) पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दर्शाए गए अंकों के अनुसार उपयुक्त शब्दों में दीजिए : $2 \times 4 = 8$

(i) वर्तमान समय में बढ़ती अधीरता के क्या दुष्परिणाम सामने आ रहे हैं ?

(ii) वीर सावरकर का जन्म कब और कहाँ हुआ था ?

(iii) 'गुरुग्रंथ साहब' में विश्व बंधुत्व के बारे में क्या कहा गया है ?

(iv) भोजन से पहले हाथ धोना क्यों आवश्यक है ?



www.mseducationtv.com